आकाशवाणी

देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 26.10.2025 समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– ऑपरेशन सिंदूर ने हर भारतीय को गौरवान्वित किया है और जीएसटी बचत उत्सव को लेकर भी लोगों में उत्साह है।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बदरीनाथ धाम के दर्शन किए, माणा में देवभूमि सांस्कृतिक महोत्सव में भी शिरकत की।
- विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने विधानसभा के विशेष सत्र की तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।
- सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा–9 नवंबर को सैन्य धाम जनता को किया जाएगा समर्पित।

--------

**मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि छठ महापर्व संस्कृति, प्रकृति और समाज के बीच की गहरी एकता का प्रतीक है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में आज प्रधानमंत्री ने कहा कि समाज का प्रत्येक वर्ग छठ घाटों पर एक साथ आकर भारत की सामाजिक एकता का सबसे सुंदर उदाहरण प्रस्तुत करता है।

श्री मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने प्रत्येक भारतीय को गौरवान्वित किया है।

प्रधानमंत्री ने वस्तु और सेवा कर – जीएसटी बचत उत्सव को लेकर लोगों में उत्साह पर खुशी व्यक्त की।

**मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चमोली जिले के माणा में आयोजित दो दिवसीय देवभूमि सांस्कृतिक महोत्सव 2025 में शिरकत की। मुख्यमंत्री ने महोत्सव स्थल पर लगाए गए स्थानीय

उत्पादों और हस्तशिल्प के स्टॉलों का निरीक्षण किया और विजेता सांस्कृतिक टीमों को पुरस्कृत कर सम्मानित भी किया।

मुख्यमंत्री ने सेना और पर्यटन विभाग को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी और कहा कि ऐसे आयोजन न केवल रोजगार और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देते हैं, बल्कि पलायन रोकने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

इस बीच श्री धामी ने भगवान बद्रीनाथ के दर्शन कर प्रदेश की खुशहाली और समृद्धि की कामना की।

## प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना

केंद्रीय मानकों के चलते प्रदेश के करीब छह हजार गांव प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना से बाहर हो गए हैं। ऐसे में सरकार अब इन गांवों को सड़क कनेक्टिविटी से जोड़ने के लिए प्लान बी पर काम कर रही है। ग्राम्य विकास सचिव धीराज गर्ब्याल ने बताया कि, अब तक पीएमजीएसवाई के तीन चरण पूरे हो चुके हैं, जबकि चौथे चरण के लिए केंद्र सरकार के साथ इन–पावर कमेटी की बैठक हुई है। इस बैठक में राज्य की 11 जिलों की 184 सड़कों पर चर्चा की गई, जिनकी डीपीआर लागत 184 करोड़ रुपये से अधिक है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार हर गांव को सड़क कनेक्टिविटी से जोड़ने के लिए अन्य योजनाओं पर भी काम कर रही है।

## विधानसभा अध्यक्ष

राज्य के रजत जयंती वर्ष पर देहरादून में आगामी 3 और 4 नवंबर को राज्य विधानसभा का विशेष सत्र आयोजित किया जा रहा है। इस विशेष सत्र में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगी और सदन को संबोधित करेंगी। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने सत्र की तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि यह सत्र राज्य की उपलब्धियों के साथ भविष्य की दिशा तय करेगा।

## सैन्य धाम

राज्य के रजत जयंती समारोह के बीच आगामी 9 नवंबर को सैन्य धाम जनता को समर्पित किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 9 नवंबर को देहरादून के गुनियाल गांव में नवनिमर्मित सैन्य धाम का उद्‌घाटन कर सकते हैं। यह सैन्य धाम उत्तराखंड के बलिदानी सैनिकों को

समर्पित है। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी की परिकल्पना और पुष्कर सिंह धामी सरकार का ड्रीम प्रोजेक्ट बनकर तैयार हो चुका है।

## मनसा देवी मंदिर

राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड की 85 वीं बैठक में राजाजी नेशनल पार्क रिजर्व वन क्षेत्र में कार्यों के लिए अनुमति दी गई है। जिसमें मनसा देवी मंदिर के पैदल मार्ग का निर्माण और पहाड़ी का संरक्षण भी शामिल है।

अनुमति मिलने के बाद जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने कार्यदायीं संस्था सिंचाई विभाग को निर्देश दिए है कि मनसा देवी पैदल सड़क मार्ग का पुर्ननिर्माण एवं मरम्मत कार्य को गुणवत्ता एवं समयबद्वता के साथ पूर्ण किया जाए, ताकि मनसा देवी के दर्शन करने आने वाले श्रृद्धालुओं को आवागमन करने में कोई भी असुविधा ना हो।

## अग्निवीर

चम्पावत जिले में अग्निवीर अभ्यर्थियों के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण शिविर शुरू किया गया है। यह शिविर 'फिट उत्तराखंड' ऐप के तहत आयोजित किया जा रहा है, जिसकी जानकारी जिला क्रीड़ा अधिकारी चंदन सिंह बिष्ट ने दी। बिष्ट ने बताया कि यह प्रशिक्षण टनकपुर के स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित हो रहा है। विभाग के प्रशिक्षक सुबह और शाम के सत्रों में अभ्यर्थियों को भर्ती से संबंधित शारीरिक दक्षता का अभ्यास करा रहे हैं। प्रशिक्षण में शारीरिक फिटनेस और अनुशासन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इच्छुक अभ्यर्थी प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक स्पोर्ट्स स्टेडियम टनकपुर में ऑफलाइन पंजीकरण करा सकते हैं। इसके अतिरिक्त, उम्मीदवार अपने मोबाइल फोन पर 'फिट उत्तराखंड' ऐप डाउनलोड करके ऑनलाइन पंजीकरण भी कर सकते हैं।

## हरिद्वार सांसद

दिल्ली हरिद्वार राष्ट्रीय राजमार्ग पर बढ़ते यातायात दबाव और नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सीतापुर ज्वालापुर रेड लाइट से संस्कृत अकादमी तक एलिवेटेड हाईवे का निर्माण कार्य आगामी नवंबर माह से प्रारंभ किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए हरिद्वार सांसद एवं पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने बताया कि यह एलिवेटेड हाईवे न केवल जाम की पुरानी समस्या का समाधान करेगा, बल्कि घनी आबादी वाले क्षेत्रों में सुगम, सुरक्षित एवं निर्बाध यातायात की सुविधा सुनिश्चित करेगा। स्मार्ट हरिद्वार और सुरक्षित आवागमन की दिशा में यह परियोजना एक अहम मील का पत्थर साबित होगी।